भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2717
बुधवार, 07 अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

कारगिल में मौसम विज्ञान केंद्र

†2717. श्री मोहम्मद हनीफ़ा:

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख के लेह जिले में वर्ष 1969 में एक मैनुअल मौसम विज्ञान केंद्र स्थापित किया गया था और वर्ष 2011 में एक स्वचालित मौसम विज्ञान केंद्र स्थापित किया गया था और तब से अब तक कारगिल जिले में कोई मौसम विज्ञान केंद्र स्थापित नहीं किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और निकट भविष्य में कारगिल में मौसम विज्ञान केंद्र स्थापित करने के लिए सरकार का क्या प्रस्ताव है?

उत्तर
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(**क**) जी नहीं। नवंबर 2020 में लेह में भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) द्वारा एक हस्तचालित वेधशाला और एक स्वचालित मौसम स्टेशन **(**AWS) स्थापित किए गए थे और नवंबर 2020 में कारगिल में एक स्वचालित मौसम स्टेशन स्थापित किया गया था।

(**ख**) कारगिल में एक स्वचालित मौसम स्टेशन **(**AWS**)** के अलावा**,** गरकोन**,** पदुम जांस्कर और द्रास में तीन और स्वचालित मौसम स्टेशन (AWS) स्थापित हैं। वर्तमान में कारगिल में कोई नया मौसम स्टेशन स्थापित करने की कोई योजना नहीं है।

*****